# मासूम जोया की मौत का पुलिस ने किया 36 घंटे में खुलासा

**▶ कातिल ने खुद को कानून से बचने के लिए रची झूठी कहानी, पुलिस ने निकाला जुलूस**

**खाचरौद।** नगर के मालीपुरा की रहने वाली 9 वर्षीय मासूम बालिका जोया पिता सलीम शनिवार को अपनी मां के साथ नानी के यहां जूना शहर काजी गली गई थी। शाम 4 बजे मां सामान खरीदने बाजार चली गई तब रियाज शेख और बच्ची वहां पर रुकी थी। इसके बाद बालिका गायब हो गई थी। सूचना मिलने पर परिजन ने तलाश शुरू की। डेढ़ घंटे बाद बालिका रियाज शेख के सूने बाड़े में मिली। उसके हाथ-पैर बंधे हुए थे और सिर व मुंह पर चोट के निशान थे। स्थानीय चिकित्सालय में प्राथमिक उपचार के बाद उसे रतलाम मेडिकल कालेज रेफर कर दिया गया। जहां उपचार के बाद सोमवार को बालिका की मौत हो गई।

जिस बाड़े में जोया को देखा गया था उसी बाड़े का मालिक ही आखिरकार मासूम जोया का हत्यारा निकला। कानून से बचने और गुमराह करने के लिए साजिश रचने वाला खुद ही बना था मसीहा और बच्ची को उठा कर स्वयं ही चिकित्सालय पहुंचा था।

शिकायत पर पुलिस ने मामला कायम कर विवेचना में लिया। तत्काल एसडीओपी आकांक्षा बिछोटे व थाना प्रभारी धनसिंह नलवाया दलबल के साथ मौके पर पहुंचकर मामला नाबालिग बालिका का होने से अलग-अलग टीम बनाकर जांच शुरू करते हुए साक्ष्य जुटाना शुरू किया। जांच के दौरान मामले के 24 घंटे बीत जाने के बाद आरोपी का सुराग नहीं लगने से परिजनों ने अपने कुछ समर्थकों के साथ रविवार रात को थाने का घेराव कर दिया। वहीं अगले दिन मासूम जोया की मौत के बाद सोमवार को परिजनों व समर्थकों ने बच्ची के जनाजे को रोड पर रखकर रास्ता जाम कर हत्यारे पर कड़ी कार्यवाही की मांग की।



मौके पर पुलिस अधिकारी पहुंचे व परिजनों को तत्काल कार्रवाई का आश्वासन दिया। तब जा कर परिजन और समर्थकों ने जनाजे को रोड से उठाया। सोमवार रात पुलिस ने मीडिया के समक्ष इस कत्ल का खुलासा करते हुए एसडीओपी आकांक्षा बिछोटे ने बताया कि रियाज के बाड़े में बालिका अकेली खेल रही थी। रियाज काम से लौटने के बाद दरवाजा खोलकर बाड़े में घुसा तो बच्ची को देखकर उसकी नीयत खराब हो गई और जबरदस्ती करने की कोशिश की। बालिका चिल्लाई तो उसे जोरदार धक्का दे दिया। जिससे उसका सिर पेड़ से टकरा गया। इसके बाद रियाज ने मासूम का मुंह थैली से बांधकर, कपड़े धोने की मोगरी से माथे पर मारा। फिर बाड़े का दरवाजा बंद कर वहां से चला गया। उसके बाद थोड़ी देर के बाद उसने दरवाजा खोलकर लोगों को बताया कि बच्ची यहां पर बेहोश पड़ी है। वह उसे अस्पताल ले गया और उसके माता-पिता को खबर दी। पुलिस ने घर के समीप लगे कैमरे संबंधित का आने-जाने का समय देखकर उससे सख्ती से पूछताछ कि तो उसने पूरी वारदात कबूल की। आज दोपहर आरोपी का बाजार में जुलूस निकाला गया।

इससे पूर्व सुबह जिला कांग्रेस अध्यक्ष विधायक महेश परमार, विधायक दिनेश बोस, पूर्व विधायक दिलीप सिंह गुर्जर, जनपद अध्यक्ष पृथ्वीराज सिंह पंवार बालिका के परिजनों से मिलकर चर्चा की व थाने पहुंचकर पुलिस अधिकारियों से आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की परिजनों ने पुलिस कार्यवाही पर संतोष जताया वही पुलिस अधिकारियों ने कहा कि वे शीघ्र मामले की विवेचना सबूत जुटाकर कर चालान फास्ट ट्रैक कोर्ट में पेश कर आरोपी को सजा दिलाएगी। स्थानीय अभिभाषकों ने घटना की निन्दा की।



# अपहर्ता को दस्तयाब कर आरोपी को गिरफ्तार किया

**महिदपुर।** पुलिस अधीक्षक प्रदीप शर्मा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) जिला उज्जैन अभिषेक रंजन, एसडीओपी जेडेन लिंगज़ेरपा (भापुसे) के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी महिदपुर द्वारा टीम गठित कर अपराध क्रमांक 431/2025 धारा 137(2) बीएनएस में अपहर्ता व आरोपी की तलाश कर अपहर्ता को आरोपी अरविन्द पिता प्रभुलाल जाति बन्जारा उम्र 20 साल निवासी बुडा डंगर थाना कानड जिला आगर मालवा के कब्जे से फतेहटुर आन्द्रप्रदेश से दस्तयाब किया व आरोपी को गिरफ्तार किया गया। प्रकरण में अपहर्ता के कथनों के आधार पर पास्को एक्ट का इजाफा किया गया। गिरफ्तार शुदा आरोपी को 17 दिसंबर को न्यायालय महिदपुर पेश किया जाएगा। इस सराहनीय कार्य में निरी एनबी सिह परिहार, उनि महेश सिह चौहान, उनि प्रतिक यादव (सायबर सेल प्रभारी), प्रधान आर धर्मेन्द्र प्रतापसिंह, आरक्षत मिथुन, सैनिक 1220 महेन्द्रसिंह की भूमिका सराहनीय रही।

## एक नजर में

### स्वास्थ्य विभाग के 200 कर्मचारियों को शीघ्र मिलेगा मकान भाड़ा

**उज्जैन।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय उज्जैन के लगभग 200 से अधिक कर्मचारियों को पिछले कई वर्षों से वेतन हेड के सेगमेंट कोड में परिवर्तन नहीं होने के कारण मकान भाड़ा नहीं मिल रहा है। इस संदर्भ में मध्य प्रदेश राज्य कर्मचारी संघ जिला उज्जैन के अध्यक्ष ओम प्रकाश यादव एवं जिला सचिव राम सिंह बनिहार द्वारा अतिरिक्त संचालक वित्त स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग को पत्र द्वारा संबंधित समस्या से अवगत कराया गया। राज्य कर्मचारी संघ की पहल पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय उज्जैन से संबंधित कर्मचारियों की सूची सहित आवश्यक कार्रवाई कर भोपाल प्रेषित की गई है। जिससे स्वास्थ्य विभाग के वित्त प्रभात द्वारा शीघ्र सेगमेंट कोड् परिवर्तित करने की कार्रवाई की जानी है। जिससे विभाग के 200 से अधिक कर्मचारियों को मकान भाड़ा भत्ता शीघ्र ही प्राप्त होने लगेगा। यह जानकारी मध्य प्रदेश राज्य कर्मचारी संघ के जिला प्रवक्ता राकेश पाठक द्वारा दी गई।

### 3 जनवरी को शाकम्भरी जयंती महोत्सव

**उज्जैन।** मां शाकम्भरी भक्त मण्डल द्वारा 3 जनवरी शनिवार को जगत जननी माता शाकम्भरी के प्राकट्य महोत्सव के उपलक्ष्य पर एक महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। उक्त आयोजन शर्मा परिसर, देवास रोड़, उज्जैन पर आयोजित होगा। यह वर्ष आयोजन का पांचवाँ वर्ष है। इस अवसर पर माताजी की स्थापना, श्री दुर्गा सप्तशती पाठ, हवन, मंगल पाठ, भजन, कन्या भोज, महाआरती एवं प्रसादी का आयोजन रहेगा। इस अवसर पर मंगल पाठ का आयोजन भी किया जावेगा। मां शाकम्भरी भक्त मण्डल ने सभी शाकम्भरी भक्तों से अनुरोध है कि अधिक से अधिक संख्या में पधार कर इस कार्यक्रम को सफल बनावें।

### चार युवा चित्रकारों को राष्ट्रीय अभ्युदय सम्मान

**उज्जैन।** प्रतिनिधि कला संस्था कलावर्त न्यास द्वारा प्रतिवर्ष कला के क्षेत्र मे नवीन व मौलिक सृजन के लिये युवा चित्रकारों को दिया जाने वाला राष्ट्रीय अभ्युदय सम्मान' न्यास समिति ने इस वर्ष देश के वभिन्न नगरों मे क्रियाशील चार चित्रकारों नवलकिशोर (नईदिल्ली), चित्रसेन (उदयपुर), पी. राजकुमारी (हैदराबाद) तथा शिन शिवान (नाइदिल्ली) को प्रदान करने का निर्णय लिया है। चारों ही चित्रकार अपने मौलिक कला सृजन के लिये प्रसिद्धि पा चुके हैं। न्यास के सचिव पवन गरवाल ने बताया कि चारों युवा चित्रकारों को न्यास द्वारा आगामी 25 दिसंबर की शाम अंतर्राष्ट्रीय कलापर्व के शुभारम्भ दिवस पर आयोजित होने वाले विशेष अलंकारण अंनुष्ठान मे सम्मानित किया जाएगा।

### महाविद्यालय में विजय दिवस मनाया

**घट्टिया।** स्वर्गीय नागुलाल मालवीय शासकीय महाविद्यालय घट्टिया में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के तत्वावधान में विजय दिवस मनाया गया। डॉ दयाराम मुझाल्दा ने उद्बोधन देते हुए कहा कि 16 दिसंबर का दिन हर वर्ष भारत विजय दिवस के रूप में मनाते हैं। क्योंकि वर्ष 1971 में आज के ही दिन भारतीय सेना ने पाकिस्तान के खिलाफ ऐतिहासिक जीत दर्ज की थी। आज ही के दिन 1971 में भारतीय सेना की वीरता के आगे पाकिस्तान की सेना ने आत्मसमर्पण किया और बांग्लादेश को आजादी मिली थी और एक नए देश का निर्माण हुआ था। इस अवसर पर महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. पुलकिता आनंद, डॉ. सुनील गुजराती, प्रशासनिक एवं राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी श्यामलाल चौधरी, डॉ. रेखा सोलंकी, डॉ. प्रियंका चौबे सहित विद्यार्थी उपस्थित थे।

### भारत रत्न अटल एवं महामना के व्यक्तित्व और कृतित्व पर राष्ट्रीय संगोष्ठी 25 को

**नागदा।** राष्ट्रीय शिक्षक संचेतना द्वारा प्रतिवर्षानुसार भारत रत्न राष्ट्र के पूर्व प्रधानमंत्री अटलबिहारी वाजपेयी के जन्म शताब्दी समारोह के समापन दिवस एवं महान शिक्षाविद् महामना मदन मोहन मालवीय के जन्म दिवस पर 25 दिसंबर2025 साहित्यकारों का अभिनंदन समारोह में सम्मानित किया जावेगा। समारोह में समारोह के शुभारंभ में कबीर के भजनों की प्रस्तुति से शुभारंभ किया जावेगा। यह जानकारी देते हुए समारोह अध्यक्ष डॉ. प्रभु चौधरी ने बताया कि 43वां राष्ट्रीय संचेतना महोत्सव, उज्जैन में होकर देश के विद्वान अतिथि एवं वक्ताओं का उद्बोधन होगा। समारोह 25 दिसम्बर को होटल शुभश्री उज्जैन में होगा। समारोह शुभारंभ में मुख्य अतिथि डॉ. अमिता दुबे निदेशक उत्तर प्रदेश हिन्दी संस्थान लखनऊ, विशिष्ट अतिथि डॉ. जवाहर कर्नावट, रमण त्रिवेदी, वरुण गुप्ता तथा डॉ. अशोक आचार्य, मुख्य वक्ता डॉ. अशोक कुमार भार्गव, अध्यक्षता ब्रजकिशोर शर्मा करेंगे। राष्ट्रीय संगोष्ठी की प्रस्तावना डॉ. शैलेन्द्रकुमार शर्मा, विशिष्ट वक्ता निर्मलकुमार मेहता रहेंगे। इस अवसर पर संस्था का द्विमासिक संचेतना समाचार पत्र विशेषांक एवं पुस्तक सुप्रज्ञ कृति का विमोचन भी होगा।

### घेरा डालो डेरा डालो आंदोलन को लेकर तहसील नागदा की बैठक हुई

**नागदा।** भारतीय किसान संघ नागदा तहसील की तहसील बैठक आर्य गार्डन पाडल्या नागदा पर संपन्न हुई। जिसमें तहसील प्रभारी एवं जिला अध्यक्ष बहादुर सिंह आंजना, संभाग उपाध्यक्ष उदय सिंह ने अपने विचार व्यक्त किए। अतिथियों ने अपने वक्तव्य में बताया कि यह आंदोलन सिर्फ क्षेत्र के 17 गांव का न होकर धर्म एवं आस्था से जुड़ा हुआ मामला है। सिंहस्थ क्षेत्र में पक्के निर्माण होने के बाद अगले सिंहस्थ के लिए चिंता का विषय है। अगला सिंहस्थ कहां लगाया जाएगा। इसके लिए 26 दिसंबर 2025 प्रशासनिक कार्यालय उज्जैन पर होने वाले घेरा डालो डेरा डालो आंदोलन में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एवं किसान वर्ग सम्मिलित हो उसके लिए सभी को प्रचार प्रसार करने एवं योजना बनाकर हजारों की संख्या में किसान पहुंचे उसके लिए काम करने के दिशा निर्देश दिए गए। बैठक में जिला कार्यकारिणी के सदस्य यशवंत आर्य चंद्रभानसिंह नरूका, तहसील अध्यक्ष लीलाधर पटेल, कार्यकारिणी के सदस्य फतेहसिंह अंजना, बापूलाल अंजना, राजेंद्रसिंह अंजना, रामचंद्र सोलंकी, ईश्वरसिंह आंजना, ओंकारसिंह आंजना, जितेंद्रसिंह आंजना, भानुप्रताप सिंह, प्रेमसिंह चौहान, प्रभुसिंह गुर्जर, प्रेमलाल सोलंकी, गोपीलाल आंजना, रामरतन बनबनी, उदयसिंह आंजना, भरत अंजना, रवि परमार, अग्निवेश पांडे बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



# दंदरौआ धाम के महंत मनीष दास महाराज बने उत्तराधिकारी

**उज्जैन।** धार्मिक शहर में यूं तो प्रतिदिन कोई ना कोई त्योहार या उत्सव का आयोजन होता ही रहता है। लेकिन यहां पर सबके चहेते राम भक्त हनुमान का त्योहार आता है तो सारा शहर अपनी अपनी श्रद्धा के अनुसार इस उत्सव को मनाता है। हम बात कर रहे हैं हनुमान अष्टमी की जिसे जिले में बड़ी ही धूमधाम से मनाया जाता है। यह उत्सव और भी खास हो जाता है जब यह बड़नगर रोड स्थित उजड़खेड़ा हनुमान के समीप डॉ. हनुमान पर यह आयोजन होने जा रहा है। जिसमें भव्य भंडारे के साथ ही संतों का समागम भी हुआ और यहां पर महंत रामदास महाराज ने अपना उत्तराधिकारी महंत मनीष महाराज को घोषित किया।

इस संबंध में संत मनीष दास महाराज ने बताया कि डॉ. हनुमान मंदिर दंदरौआ धाम आश्रम उजड़खेड़ा हनुमान मंदिर के पीछे बड़नगर रोड पर भी भव्य भंडारे का आयोजन किया गया। इसके साथ ही शाम को महाआरती का भी आयोजन हुआ। वहीं आश्रम के संस्थापक श्री श्री 1000 महामंडलेश्वर महंत रामदास महाराज ने आश्रम का उत्तराधिकारी महंत मनीष महाराज को घोषित किया। इस दौरान अनेक संत इस कार्यक्रम में मौजूद रहे। जिनके सानिध्य में संपूर्ण कार्यक्रम संपन्न किया गया।

# उज्जैन पहुंची स्वदेशी संकल्प यात्रा

**उज्जैन। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष तथा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आत्मनिर्भर भारत एवं स्वदेशी अपनाओ संकल्प को जन-जन तक पहुंचाने के लिए कनफेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) एवं स्वदेशी जागरण मंच के संयुक्त तत्वावधान में संचालित स्वदेशी संकल्प यात्रा उज्जैन पहुंची।**

यह यात्रा स्थानीय व्यापार, स्वदेशी उद्योग, भारतीय उद्यमिता और आत्मनिर्भर भारत के राष्ट्रव्यापी अभियान को सशक्त बनाने का महत्वपूर्ण माध्यम है। उज्जैन में इसका आगमन जनजागरण और स्वदेशी विचार के प्रसार का एक विशिष्ट अवसर है। 15 दिसंबर की शाम उज्जैन में इंदिरा नगर आगर रोड से प्रवेश कर शहर के विभिन्न मार्गों से गुजरते हुए शहर के मध्य टॉवर चौराहे पर जनसभा के रूप में एकत्रित होकर स्वदेशी का संकल्प करवाया गया।



मार्ग में यात्रा का व्यापारी बंधु एवं जनप्रतिनिधियों द्वारा पुष्प वर्षा कर भव्य किया गया।

इस अवसर पर भाजपा नगर अध्यक्ष संजय अग्रवाल, कैट के संभागीय अध्यक्ष अवतंस जैन, महामंत्री सुनील गुप्ता, स्वदेशी जागरण मंच के प्रांत सहसंयोजक दिलीप सिंह चौहान, ऋषभ अग्रवाल, धीरज गोभुज, प्रदीप तिवारी, गोपाल सिंह जादौन, सुनील उपाध्याय, हैप्पी बना, मिट्टू सिंह, हरीश शर्मा, महेंद्र सिंह, अजय त्रिवेदी, गंगाराम मंडलोई, आदर्श आदि कार्यकर्ता सहित विभिन्न व्यापारी संगठन के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# देर रात तक चला कबड्डी मैच, दर्शकों की रही भीड़, विजेता टीम पुरस्कृत

**घट्टिया। ग्रामीण क्षेत्रों में खेल प्रतिभाओं को निखारने के उद्देश्य से लवखेड़ी सरकार क्लब द्वारा एक दिवसीय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन सोमवार को किया गया। परिसर मैदान में देर रात तक चले कबड्डी मैचों में दर्शकों की भीड़ रही। उक्त टूर्नामेंट में पूरे जिले से आयी 40 टीमों के 200 से अधिक खिलाड़ियों ने भाग लिया।**





प्रथम स्थान पर रही विजेता टीम झलारिया को नगद 11000 रुपये लक्की बना की ओर से, द्वितीय स्थान पर टीम उज्जैन कॉर्पोरेशन को नगद 5100 रुपये यश कछावा की ओर से, तृतीय स्थान पर टीम कनासिया को नगद 2100 रुपये विकास मालवीय की ओर से पुरस्कार स्वरूप प्रदान किए गए। नगर में कबड्डी टूर्नामेंट होने से लोगों में खेल के प्रति उत्साह देखा गया। मैच रेफरी हेमंत कनोदिया, तूफान सिंह ठाकुर, सुरेश मालवीय, विष्णु माली थे। स्कोरर मंडल में विजय परमार, सुमित मंडलोई, आकाश मंडलोई थे। वालंटियर विशाल सोलंकी, अमन ढोलपूरी थे। कमेंट्री जावेद पठान ने की।

# पूर्व सैनिकों ने विजय दिवस मनाया एवं युद्ध बलिदानियों को किया नमन

**उज्जैन।** फ्रीगंज स्थित शहीद पार्क में उज्जैन संभाग पर्व सैनिक कल्याण संगठन एवं जिला सैनिक कल्याण द्वारा विजय दिवस पर श्रद्धा, सम्मान और देशभक्ति के भाव के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य 1971 के भारत-पाक युद्ध में भारतीय सेना की ऐतिहासिक विजय एवं वीर सैनिकों के अदम्य साहस को स्मरण करते हुए श्रद्धा सुमन अर्पित किया। इस अवसर पर संगठन के पदाधिकारियों, पूर्व सैनिकों एवं नागरिकों ने शहीद स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित कर देश के लिए बलिदान देने वाले अमर शहीदों को नमन किया। इस दौरान संगठन के वरिष्ठ पदाधिकारी, पूर्व सैनिक, उनके परिजन एवं गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में मौजूद रहे। संगठन के अध्यक्ष सूबेदार कमल सोनी ने जानकारी देते हुए बताया कि विजय दिवस भारतीय सेना के शौर्य, पराक्रम और बलिदान का प्रतीक है, जिसने देश को गौरवशाली क्षण प्रदान किया। कार्यक्रम के दौरान देशभक्ति से ओत-प्रोत वातावरण रहा। उपस्थित जनों ने सैनिकों के योगदान को याद करते हुए युवा पीढ़ी से राष्ट्रसेवा और अनुशासन के मार्ग पर चलने का आह्वान किया। अंत में संगठन द्वारा सैनिकों एवं शहीद परिवारों के कल्याण के लिए निरंतर कार्य करते रहने का संकल्प लिया गया। इस अवसर पर जिला सैनिक कल्याण अधिकारी ग्रुप कैप्टन विष्णु दत्त शर्मा, कर्नल राजकुमार सिंह चौहान, कर्नल प्रदीप सिंह, संगठन के उपाध्यक्ष मुकेश कुमार मोयल, सचिव रवि प्रताप सिंह भदोरिया, संयुक्त सचिव सवाई सिंह शेखावत, कोषाध्यक्ष अनिल कुमार तोमर, एसएन श्रीवास्तव, संगठन के सदस्य अमरलाल डोडिया, जितेंद्र राजावत, योगेश कुमार राठौर, छगनलाल वर्मा, हरि नारायण शर्मा, कॉरपोरर विनायक गिरी, वारंट ऑफिसर रविंद्र साठे, जुगल किशोर जोशी, रामबरन सिंह भदोरिया, समाजसेवी प्रकाश चित्तौड़ा, शाकिब कुरेशी, शैलेंद्र सेठ आदी गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

**एक नजर** | **उज्जैन रीजन के तत्वावधान में किया सम्मेलन के पोस्टर का विमोचन**

# 25 जनवरी को होगा अंतरराष्ट्रीय जैन युवक-युवती परिचय सम्मेलन

**उज्जैन। 25 जनवरी को होने वाले अंतरराष्ट्रीय जैन युवक-युवती परिचय सम्मेलन के पोस्टर का विधिवत विमोचन उज्जैन रीजन के तत्वावधान में किया गया।**

कार्यक्रम में मुख्य रूप से फेडरेशन के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष अश्विन कासलीवाल, स्नेहलता सोगानी, प्रदीप झांझरी, अभिषेक विनायका, ललित बडजात्या एवं नीरज सोगानी की गरिमामयी उपस्थिति रही। साथ ही उज्जैन फेडरेशन के समस्त पदाधिकारी तथा उज्जैन के सभी सोशल ग्रुपों के अध्यक्ष एवं सचिव उपस्थित रहे।



दिगंबर जैन सोशल ग्रुप फेडरेशन के तत्वावधान में विगत वर्षों से निरंतर आयोजित किया जा रहा अंतरराष्ट्रीय जैन युवक-युवती परिचय सम्मेलन, 25 जनवरी को दस्तूर गार्डन, इंदौर में भव्य रूप से आयोजित किया जाएगा। सम्मेलन का उद्देश्य जैन समाज के योग्य युवक-युवतियों को एक सशक्त, सुव्यवस्थित एवं संस्कारयुक्त मंच प्रदान कर वैवाहिक संबंधों की दिशा में सार्थक पहल करना है। फेडरेशन द्वारा आयोजित यह सम्मेलन आज देश-विदेश से आने वाले जैन परिवारों के लिए विश्वास, पारदर्शिता एवं सामाजिक समरसता का प्रभावी माध्यम बन चुका है। प्रतिवर्ष निरंतर आयोजन के कारण यह कार्यक्रम जैन समाज में अत्यंत लोकप्रिय एवं उपयोगी सिद्ध हो रहा है।

सम्मेलन के पोस्टर विमोचन कार्यक्रम में रीजन अध्यक्ष नवीन जैन द्वारा सभी अतिथियों का स्वागत-सम्मान किया गया एवं परिचय सम्मेलन के उद्देश्य व स्वरूप की जानकारी दी गई। रीजन कोषाध्यक्ष रत्नेश जैन ने आभार व्यक्त किया। फेडरेशन के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष अश्विन कासलीवाल ने सम्मेलन की महत्ता, वर्तमान समय में इसकी आवश्यकता तथा फेडरेशन के ध्येय वाक्य समाज की बेटी समाज में विषय पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए समाज से अधिक से अधिक सहभागिता का आव्हान किया।

यह अंतरराष्ट्रीय परिचय सम्मेलन जैन समाज में संस्कार, समर्पण एवं सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना को सुदृढ़ करते हुए भावी पीढ़ी के उज्ज्वल भविष्य की दिशा में एक सशक्त कदम सिद्ध होगा।